**मौसम ने ली करवट** अगर बारिश हुई तो धान भीगने से होगा करोड़ों का नुकसान

## कई खरीदी केंद्रों पर खुले में रखी हजारों क्विंटल धान



**नवभारत, जबलपुर।** जिले में मौसम का मिजाज अब बदल रहा है। जिसको देखते हुए आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना भी बढ़ गई है। जिससे समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में केंद्रों की बाहर हजारों क्विंटल रखी धान के बर्बाद होने की संभावना है। जिसके कारण किसानों की भी चिंता बढ़ती जा रही है। जिन किसानों की धान केंद्रों के बाहर पर रखी है और तुलाई नहीं हुई है, अगर बारिश होती है तो उनकी धान भीग सकती है,जिससे किसानों को काफ़ी नुकसान भी हो सकता है। इसके अलावा कई खरीदी केंद्रों पर तो किसानों की धान की तुलाई हो चुकी है लेकिन उसके वावजूद भी उसका अभी भंडारण नहीं हुआ है, बदलते मौसम के कारण अगर बारिश होती है तो किसानों के साथ- साथ खरीदी हुई फ़सल से सरकार को भी नुकसान होने की संभावना है।

### खुले में पड़ा है वेयरहाउसों में माल

जिले के अधिकतर खरीदी केंद्रों में बने वेयरहाउस के बाहर हजारों क्विंटल धान खुली पड़ी हुई है। जिसमें से कुछ की तौल हो चुकी है तो कुछ धान की तुलाई होना बाकी है। आगामी दिनों में अगर मौसम में बदलाव आता है तो केंद्रों के बाहर रखी धान पूरी तरह से बर्बाद हो सकती है। जिसके कारण सबसे ज्यादा नुकसान सरकार द्वारा खरीदी हुई धान को होगा जोकि खुले में पड़ी हुई है।

### पिछले साल भीग गई थी करोड़ों की उपज

विदित है कि पिछले वर्ष भी दिसंबर माह में अचानक मौसम में बदलाव आया था, जिसके कारण समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी केंद्रों के बाहर रखी करोड़ों रुपए की धान भीग गई थी, जिससे शासन को काफी नुकसान भी हुआ था। वहीं अगर इस वर्ष शासन- प्रशासन मौसम को गंभीरता से लेते हुए खरीदी हुई धान को व्यवस्थित रूप से गोदामों में पहुंचा दे और बाहर रखी हुई धान को ढक देता है तो नुकसान होने की संभावना काफी कम हो जाएगी।



## खुद पानी पीकर कलेक्टर-निगमायुक्त ने जांची गुणवत्ता

**शहरवासियों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने का किया दावा**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने रमनगरा, भोंगाद्वार और गौर नदी स्थित जल शोधन संयंत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि स्वयं पानी पीकर उसकी शुद्धता को परखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और निगमायुक्त ने अपनी उपस्थिति में पेयजल की लैब टेस्टिंग करवाई। पानी के विभिन्न मानकों की जांच के बाद रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में की जा रही जल आपूर्ति पूरी तरह से पीने योग्य और मानक स्तर की है।

### शुद्धता में न हो कोई समझौता: कलेक्टर

स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल की शुद्धता की डेली जांच सुनिश्चित की जाए। जल स्रोतों और पाइपलाइन में किसी भी प्रकार के लीकेज या प्रदूषण की संभावना को तुरंत खत्म किया जाए। मौके पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, उपयंत्री मंसूरी और शमीम खान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## लूट करने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत नई बस्ती रविदास नगर में दुकान संचालक पर चाकू अड़ाकर नगदी लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने लुटेरों का जुलूस निकाला इसके बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को हरिनारायण चौधरी 54 वर्ष निवासी नई बस्ती रविदास नगर प्रभात स्कूल के सामने रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह घर में किराने की दुकान चलाता है पत्नी एवं बच्ची का स्वर्गवास हो गया है। रात लगभग 1 बजे घर के बाहर से विशाल ठाकुर ने आवाज लगाई कि चाचा सिगरेट चाहिये, उसने कहा कि सिगरेट नहीं है, उसी समय बाबू मराठा एवं विशाल ठाकुर दोनों उसके घर की बाउण्ड्री का गेट कूदकर अंदर आ गये सीसीटीव्ही कैमरों में तोड़फोड़ करते हुए चाकू अड़ाकर गल्ले में रखे 7-8 हजार रूपये एवं उसकी स्व. पत्नी तुलसा बाई एवं स्व. बेटी का आधारकार्ड निकलाकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और शनिवार को उनका जुलूस निकाला।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लिए गए पानी के 80 सैंपल

**स्वच्छ पेयजल के लिए जबलपुर नगर निगम की बड़ी मुहिम**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की सक्रियता से जल आपूर्ति व्यवस्था में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। शहर के हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचे, इसके लिए निगम प्रशासन ने अपनी निगरानी व्यवस्था को बेहद सख्त कर दिया है।



महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि नगर निगम के जल विभाग ने पानी की शुद्धता जांचने के अभियान को और तेज कर दिया है। सामान्य तौर पर प्रतिदिन 40 से 50 सैंपल लिए जा रहे थे, लेकिन शनिवार को विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 80 वाटर सैंपल लिए गए। इन नमूनों की जांच लैब में की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं भी दूषित जल की आपूर्ति न हो।

### अधिकारियों को '24 घंटे निगरानी' के निर्देश

महापौर और निगमायुक्त पेयजल वितरण की व्यवस्था पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहकर आपूर्ति की निगरानी करेंगे। लीकेज या गंदगी की शिकायत मिलते ही तत्काल सुधार कार्य किया जाए।



## 215 मतदाताओं को नोटिस, 118 ने दस्तावेज दिये

**एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं सुनवाई की गई**

**नवभारत,जबलपुर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की गई, जिनके विगत एसआईआर 2003 से संबंध स्थापित नहीं किए गए हैं। इस दौरान 215 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें से 118 मतदाता उपस्थित होकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते ने बताया कि जो मतदाता आज उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें पुन: नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए अंतिम अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी तक दावा आपत्ति पर सुनवाई की जाएगी। इस दौरान तहसील कार्यालय शहपुरा, जबलपुर और मझौली में सुनवाई आयोजित की गई थी।

### एक नजर में



#### यूनियन ने डीआरएम, एडीआरएम से की भेंट

**जबलपुर, नवभारत।** नववर्ष के उपलक्ष्य में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के पदाधिकारियों व ईसीसी बैंक के डायरेक्टर ने मंडल रेल प्रबंधक, एडीआरएम द्वय सहित अन्य विभाग प्रमुख अफसरों से भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए रेल कर्मचारियों के लंबित मुद्दों पर भी चर्चा कर उनके निराकरण की मांग की अधिकारियों ने आशवस्त किया कि यूनियन द्वारा कर्मचारियों के जो मुद्दे उनके ध्यान में लाये जायेंगे, उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा जबलपुर मंडल के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला एवं ईसीसी बैंक डायरेक्टर प्रहलाद सिंह ने मंडल कार्यालय पहुंच कर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय सुनील टेलर एवं आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डॉ. मधुर वर्मा, सी.डीएफएम रजनीकांत साहू, सीनियर डीपीओ वरुण चतुर्वेदी एवं समस्त अधिकारियों से नववर्ष के उपलक्ष्य पर सौजन्य भेंट की एवं समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया है। जिसमें समस्त मंडल के अधिकारियों के द्वारा डबलूसीआरईयू को आशवासन दिया है कि जो भी कर्मचारियों की समस्याएं यूनियन द्वारा उनके संज्ञान में लाई जाएंगी, उनका निराकरण किया जाएगा साथ ही यूनियन के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला ने 2026 में जल्द ही कर्मचारियों के लिए जीडीसीई की भर्ती निकालने के लिए वार्ता की है जिस पर जल्द ही आप सभी को मौका मिलेगा।

#### कोतवाली टैंक में किया जाएगा सुधार कार्य

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की पेयजल व्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से व्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन मुस्तैदी से जुट गया है। इसी कड़ी में, कोतवाली टैंक में तकनीकी सुधार करते हुए 'डक फूट बेंड' बदलने का कार्य किया जा रहा है ।जिसके कारण शनिवार शाम और रविवार को दोनों समय संबंधित क्षेत्रों में पाइपलाइन के जरिए जलापूर्ति प्रभावित रहेगी, लेकिन निगम प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल निर्देश जारी किए हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

#### युवक को पीटा, मीटर बोर्ड में तोड़फोड़

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में शराब पीने रूपए नहीं देने पर बदमाश ने युवक की पिटाई करते हुए पथराव कर मीटर बोर्ड में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने बताया कि आशुतोष सिंह 19 वर्ष निवासी साहू किराना के पास बाबली महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले का सागर कोल शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। बिजली मीटर को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

#### रांझी में पथराव, युवक घायल

**जबलपुर।** रांझी में बदमाशों ने पथराव कर दिया। जिसमें युवक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राज कोल 20 वर्ष निवासी रिछाई रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9 बजे अपने घर के बाजू से गली में आग ताप रहा था पटेलिन बाई भी आग ताप रही थी तभी मोहल्ले का शंभू कोल, आजाद उर्फ चीकू कोल, निखिल कोल, लक्की कोल चारों आये, शंभू कोल अकारण विवाद करने लगे। पथराव कर दिया। हमले में उसे चोट आ गई इसके बाद तीनों मारपीट कर भाग गए।

## विदेश में अपराध होने के बावजूद भी चार्जशीट फाइल होने तक नहीं खारिज कर सकते एफआईआर

**जबलपुर।** विदेश में अपराध होने के कारण भारत में दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि पुलिस एफआईआर दर्ज कर प्रारंभिक जांच कर रही है और प्रकरण में चार्जशीट दायर नहीं की गयी है। ट्रायल कोर्ट ने उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है तो ऐसी स्थिति में एफआईआर को निरस्त नही किया जा सकता है। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिका को खारिज कर दिया। जापान निवासी वैभव जैन तथा राजस्थान निवासी उनके पिता पुनीत व माता निकिता जैन की तरफ उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि वैभव का विवाह भोपाल निवासी अनावेदिका से जनवरी 2023 में जयपुर राजस्थान में हुआ था। वैभव तथा उसकी अनावेदिका पत्नी जापान में नौकरी करते थे। विवाह के बाद वैभव अपने माता-पिता को जापान ले गया था। जापान में अनावेदिका अपने पति के माता-पिता के साथ विवाद करती थी।

## 624 गुम बच्चों को ढूंढने, 1000 आरोपियों की गिरफ्तारी में साइबर सेल ने निभाई अहम भूमिका

**जबलपुर।** शनिवार को पुलिस ने कार्रवाईयों के आंकड़े जारी किए। जिसमें साइबर सेल ने 624 गुमे बालक, बालिकाओं को ढूंढने से लेकर 1000 आरोपियों की गिरफ्तारियों में ट्रैकिंग-ट्रेसिंग के जरिए अहम भूमिका निभाई है । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सन् 2025 में सायबर सेल ने थानों में दर्ज अपराधों में फरार आरोपियों, ईनामी वारंटियों समेत कुल 1000 से अधिक अपराधियों को पकड़नें में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा खितौला अंतर्गत ईसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक में हुई अंतर्राज्यीय बैंक डकैती के



सरगना और उसके अन्य 10 साथियों को तकनीकी सहायता से बिहार एवं मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर 3 किलो से अधिक सोना जब्त करने एवं खितौला लूट में पारधी गैंग को गिरफ्तार कराने में सफलता प्राप्त की। इसके अलावा गोराबाजार चोरी, विजय नगर कृषि उपज मंडी में दिनदहाड़े लूट के आरोपी को गिरफ्तार कराने से लेकर लूटा गया माल वापिस कराया। पाटन में चार हत्याओं के फरार आरोपियों की पतासाजी करने में थाना पुलिस सहायता की गई। इसके अलावा बरगी, भेड़ाघाट, माढ़ोताल, अधारताल, पनागर व तिलवारा सहित राष्ट्रीय राज मार्ग से लगे विभिन्न थानों में घटित स्नेचिंग, लूट-डकैती सहित अन्य संपति संबंधी अपराधों में आरोपियों को तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया गया व इनसे माल जप्त किया गया। इसके अलावा मंझौली में गांजा सप्लाई के संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 66 किलो 609 ग्राम गांजा बरामद करने, बरगी क्षेत्र में कुख्यात गांजा तस्कर से 63 किलो गांजा बरामद करवाया। गुमे 376 मोबाइल रिकवर किए। साइबर ठगी के 2,82,50,184 रुपये अब तक वापस, लीन कराये गये। वहीं 1,00,000 रुपये से अधिक की सायबर धोखाधड़ी होने पर 31 दिसम्बर 2025 की स्थिति में 19 ई-एफआईआर दर्ज की गई। शहर के कुल 28 संस्थानों में जाकर 3 हजार से अधिक लोगों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश में गठित सोशल मीडिया सेल ने आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की निगरानी करने के साथ कार्रवाई की है।

## खमरिया-बरेला में एक्सीडेंट : 9 घायल

नवभारत, जबलपुर। शहर व ग्रामीण अंचल में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में 9 लोग घायल हुए हैं। खमरिया पुलिस ने बताया कि लोटन लोधी 20 वर्ष निवासी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोनपुर के आगे आपे क्रमांक एमपी 20 जेड पी 3129 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे देवी सिंह लोधी, जगत सिंह लोधी, सूजान सिंह लोधी घायल हो गए। इसी प्रकार बरेला थाने में संजय झारिया 32 वर्ष निवासी धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम जमुनिया के कमरून निशा कृषि फार्म हाउस के पास बाइक क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 8199 के चालक ने कमलेश की बाइक में टक्कर मार दी जिससे कमलेश, रोहित झारिया को चोटें आ गई। अवधेश राजपूत 34 वर्ष निवासी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हिरन नदी पुल मोड़ के पास बाइक क्रमांक एमपी 20 एक्स ए 9890 के चालक ने भाई अखिलेश राजपूत की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे भाई अखिलेश एवं सुंदर गौड़ को चोटें आईं। इसी प्रकार मोहम्मद इमतेयाज 32 वर्ष निवासी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अयोध्यापुरम कालोनी बरेला रोड पर कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 8443 के चालक ने पीछे से मोह. शाहिद एवं मोह. इमरान को पीछ से टक्कर मार दिया जिससे दोनों को चोटे आ गई। वही तलवारा थाना अंतर्गत लम्हेटा वायपास में ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा पलट गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रमाशंकर त्रिपाठी 38 वर्ष निवासी रूद्राक्ष पार्क गंगानगर थाना संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई धुंआधार भेड़ाघाट घूमने गये थे ई रिक्शा उसका ड्रायवर अजय उर्फ संतोष ठाकुर चला रहा था लम्हेटा वायपास में सड़क पार करते हुये पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 74 बी 0426 का चालक ने लापरवाही से ई रिक्शा में टक्कर मार दिया ।

## बिना सुरक्षा उपकरण कराया काम, 13 फीट ऊंचाई से गिरने से हुई थी श्रमिक की मौत, एफआईआर दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्रमें 13 फिट की ऊंचाई पर शटर लगाते समय गिरने से श्रमिक की मौत हो गई थी। जांच में पाया गया कि सुरक्षा संबंधी संसाधन उपलब्ध नही कराये गये थे। बिना सुरक्षा उपकरण के मजदूरी कराने वाले मकान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मोतीलाल गोटिया 40 वर्ष निवासी चेरीताल थाना कोतवाली को 13 अगस्त 25 की शाम लगभग 4 बजे करंट लगने एवं सिर में चोट लगने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया था जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया था। मर्ग जांच में पाया गया कि 13 अगस्त 25 को मजदूर महेश सोंधिया, प्रदीप गोटिया एवं मोतीलाल गोटिया कनिका सेल्स तिलवारा के नये गोदाम में लगभग 13 फिट की उंचाई पर शटर लगाने का कार्य कर रहे थे शटर लगाने के लिये वायर के माध्यम से कनेक्शन लेकर ड्रिल मशीन का उपयोग कर रहे थे। कनिका सेल्स फैक्ट्री के संचालक कपिल खटवानी के द्वारा ऊंचाई एवं विद्युत संबंधी कार्य कराने के लिये तीनों मजदूरों को कोई भी सुरक्षा संबंधी संसाधन उपलब्ध नही कराये गये थे और न ही 13 फीट ऊंचाई पर काम कराने के लिये फर्श पर जाली या गद्दा का इंतजाम किया गया था। जिसके चलते श्रमिक की मौत हुई थी। पुलिस ने कनिका सेल्स के संचालक आरोपी कपिल खटवानी पिता मुकेश खटवानी निवासी गोरखपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## राजस्व वसूली, भूमि आवंटन के प्रकरणों में लाएं प्रगति

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसानों के ई-केवयासी, खसरे में आधार लिंकिंग आदि प्रकरणों पर तहसीलवार चर्चा कर कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके अलावा राजस्व वसूली, भू-अर्जन, भूमि आवंटन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत देते हुये कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ किया जाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

**बैठक** कलेक्टर और निगमायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## शहर के विकास कार्यों और स्वच्छता में आएगी तेजी

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति का बारीकी से विश्लेषण किया और शहर की तस्वीर बदलने के साथ अन्य कार्यों को भी बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पीएम आवास योजना की छह प्रमुख परियोजनाओं—मोहनिया, कुदवारी, तेवर, परसवाड़ा (ए और बी) तथा तिलहरी की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आवासों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो और इन्हें समय सीमा के भीतर हितग्राहियों को सौंपा जाए। कलेक्टर ने नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शहर का सीएनडी प्लांट और अन्य स्वच्छता इकाइयां बेहतर ढंग से कार्य कर रही हैं।

### अन्य विकास कार्यों की भी हुई समीक्षा

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान स्मार्ट सिटी के परियोजनाओं की भी कलेक्टर ने समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ अनुराग सिंह के साथ नगर निगम के सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।